Seat No.	

Set P

B.A. (Semester - I) (CBCS) Examination March/April-2019
Hindi (Paper – I)
साहित्य विविधा एवं व्याकरण

Day & Date: Tuesday, 09-04-2019 Max. Marks: 70
Time: 08:30 AM to 11:00 AM

सूचनाएँ : 1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2) दाई ओर लिखे अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक है।

प्र.1 निम्नलिखित वाक्यों के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए। **14**

1. प्रेमचंद का जन्म ––– गाँव में हुआ।
   अ) वाराणसी ब) लमही
   क) बेनीपुर ड) अमृतसर
2. झोपड़े के अंदर माधव की जवान बीबी –––– प्रसव वेदना से तड़प रही थी।
   अ) झुनिया ब) जामुनिया
   क) बुधिया ड) राधिका
3. अधेड उम्र का व्यक्ति दफ्तर के बाबुओं को सरकार के –––– कहता है।
   अ) कुत्ते ब) जानवर
   क) नौकर ड) गुलाम
4. रजिया –––– बेचने के लिए लेखक के गाँव आती थी।
   अ) कपड़े ब) चुड़ियाँ
   क) सब्ज़ी ड) साड़ियाँ
5. कालिन्दी की सास उसका नाम –––– रखती है।
   अ) लक्ष्मी ब) सरस्वती
   क) तारारानी ड) रूपा
6. नाखून क्यों बढ़ते हैं? यह निबंध –––– निबंध संग्रह में संग्रहित है।
   अ) अलोकपर्व ब) कल्पलता
   क) अशोक के फूल ड) कुटज
7. 'अपने आप पर अपने आप के द्वारा लगाया हुआ बंधन हमारी –––– की बड़ी भारी विशेषता है।'
   अ) सरकार ब) खानदान
   क) कानून ड) संस्कृति
8. कबीर की भाषा –––––– है।
   अ) अवधी ब) पंजाबी
   क) खिचड़ी ड) विशुद्ध
9. मीरा का –––– भक्तों में महत्त्वपूर्ण स्थान है।
   अ) राम ब) विट्ठल
   क) कृष्ण ड) हनुमान

10. नागार्जुन ––––– कवि हैं।

अ) आदर्शवादी
ब) प्रगतिवादी
क) छायावादी
ड) प्रयोगवादी

11. 'ज़िंदाबाद' कविता के कवि –––––– हैं।

अ) कुमार अम्बुज
ब) अरुण कमल
क) नागार्जुन
ड) दुष्यंत कुमार

12. हिंदी में ––––– वचन हैं।

अ) एक
ब) दो
क) तीन
ड) चार

13. 'ने' विभक्ति प्रत्यय ––––– कारक में लगता है।

अ) कर्ता
ब) कर्म
क) करण
ड) अधिकरण

14. का, के, की प्रत्यय ––––– कारक में लगते हैं।

अ) कर्ता
ब) करण
क) संबंध
ड) अधिकरण

प्र.2 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए। 16

1. कबीर खजुर जैसा बडप्पन क्यों नहीं चाहते?
2. मीरा प्रभु से अपना उध्दार करने के लिए किस प्रकार बिनती करती है?
3. लिंग की परिभाषा देकर लिंग के भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।
4. वचन की परिभाषा देकर वचन के भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।
5. कर्ता कारक का स्वरूप सोदाहरण समझाइए।
6. कर्म कारक का स्वरूप सोदाहरण समझाइए।

प्र.3 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 12

1. "वह बैकुंठ में जाएगी दादा, बैकुंठ की रानी बनेगी।"
2. "कंबख्त नाखुन बढ़ते हैं तो बढ़े, मनुष्य उन्हें बढ़ने नहीं देगा।"
3. "दिन भर रोजा रहत है, राति हनत है गाय।
   यह तो खुन वह बंदगी, कैसे खुसी खुदाय।।"
4. "यहाँ तक आते–आते सूख जाती हैं कई नदियाँ,
   मुझे मालूम है पानी कहाँ ठहरा हुआ होगा।
   अब तो इस तालाब का पानी बदल दो,
   ये कँवल के फूल कुम्हलाने लगे हैं।"

प्र.4 "'पिता का चेहरा' कविता में कवि ने एक पिता के वृद्धावस्था का विषाद भरा चित्र प्रस्तुत किया है।" – स्पष्ट कीजिए। **14**

अथवा

'कफन' कहानी की कथावस्तु लिखिए।

प्र.5 'रजिया' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। **14**